<u>वेबसाइट के लिए</u>

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

## विज्ञा. सं. परिषद /भर्ती/वैज्ञा.-डी/01/2025-भर्ती एवं पदोन्नति कक्ष

### वैज्ञानिक-डी के पदों के लिए भर्ती सूचना

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख: 10.11.2025**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (परिषद ), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। परिषद अपने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय और देश भर में स्थित अपने 27 संस्थानों/केंद्रों तथा व्यापक संख्या में अपने फील्ड स्टेशनों के माध्यम से राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में जैव चिकित्सा/स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित कार्य करता है।

परिषद भारतीय नागरिकों से **अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व के साथ** नई दिल्ली में सीधी भर्ती के तहत वेतन मैट्रिक्स के वेतन **स्तर-12 (78,800 – 2,09,200 रुपये)(7वां सीपीसी स्तर)** और परिषद के नियमित आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के लिए यथाग्राह्य सामान्य भत्तों सहित वैज्ञानिक-डी (मेडिकल)के चार(04) पद एवं वैज्ञानिक-डी (नॉन-मेडिकल)के एक पद (01) को भरने के लिए **10 नवंबर, 2025 सांय 5:30** तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| स्ट्रीम का विवरण | (रिक्तियों की संख्या) | अनिवार्य अर्हकता | अनिवार्य अनुभव | वांछनीय अर्हकता/ अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| **वैज्ञानिक-डी** (मेडिकल) | 04 | एमसीआई/एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस और समकक्ष डिग्री | 08 वर्ष | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमसीआई/एनएमसी द्वारा एमडी/एमएस या समकक्ष डिग्री या एमपीएच **या** अनुलग्नक-1 में दिए गए विषयों में से किसी एक विषय में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पीएच.डी. **और** नैदानिक/सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान में अनुभव |
| **वैज्ञानिक-डी** (नॉन-मेडिकल) | 01 | अनुलग्नक-। में दिए गए विषयों में से किसी भी एक विषय में किसी भी विषय में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर | 08 वर्ष | अनुलग्नक-। में दिए गए किसी भी विषय में से किसी एक विषय में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पीएचडी **और** किसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थान में पद से अपेक्षित (बायोमेडिकल रिसर्च) जैव चिकित्सा विज्ञान से संबंधित अनुसंधान एवं विकास में अनुभव। |

*नोट:

1. पीएचडी को 04 वर्ष के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)।
2. एमवीएससी को 2 वर्ष के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा।
3. एमपीएच/एम.टेक/एमई को अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।
4. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में अपेक्षित कार्यों से संबंधित (अपेक्षाएँ लिखें) जैव चिकित्सा विज्ञान में अनुसंधान एवं विकास में अनुभव स्वीकार्य होगा।

**2. आयु सीमा:**

अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है (भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार छूट है)

3. **चयन प्रक्रिया:**

- चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (MCQs) या साक्षात्कार या दोनों के आधार पर किया जाएगा।
- कंप्यूटर आधारित परीक्षा शोध विधियों की समझ पर आधारित होगी और अर्हकता प्रकृति पर होगी और न्यूनतम अर्हकता अंक 75 प्रतिशत होंगे।

**अल्प–सूची आधारित-मानदंड:**

क) सर्वप्रथम, आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव (जहां भी अपेक्षित हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता पूरी करने वाले सभी अभ्यर्थियों की अल्प-सूची (छंटनी) तैयार की जाएगी।

ख) यदि अल्प-सूचीबद्ध (छंटनी) किए गए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक हो जाती है और उन सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाना संभव नहीं है, तो परिषद कुछ उपयुक्त अल्प-सूची मानदंडों के आधार पर अभ्यर्थियों की ओर भी छंटनी करेगा, जैसा कि परिषद के सक्षम प्राधिकारी, द्वारा तय किया जाएं। हालांकि यह मामले दर मामले अलग-अलग हो सकते है, योग्यता के आधार पर, परिषद सामान्यतः संबंधित क्षेत्रों में उच्च अनुभव वाले अभ्यर्थियों या उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को बुलाना पसंद करता है, जैसा भी मामला हो, जो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया हो।

**4. शुल्क:**

आवेदन शुल्क के रूप में अप्रतिदेय **(नॉन-रिफ़ंडेबल)** 1500/- रुपये (केवल एक हजार पांच सौ रुपये) अपेक्षित है। एससी/एसटी/महिला/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क में छूट है। अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान आवेदन-पत्र में दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से करना होगा।

**5. अन्य शर्तें:**

i. ऑनलाइन आवेदन शुल्क के साथ, आवेदन https://recruit.icmr.org.in के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
ii. अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा, कारण चाहे जो भी हो।
iii. अपूर्ण या सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन रद्द कर दिए जाएंगें।
iv. **शैक्षिक योग्यता/विशेषज्ञता/अनुभव से संबंधित दस्तावेज जैसा कि दावा किया गया है, अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने चाहिए।**
v. व्यक्तिगत चर्चा के समय, केंद्र/राज्य सरकार के विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी वित्तपोषित अनुसंधान एजेंसियों में काम करने वाले आवेदकों को अपने नियोक्ता से

प्राप्त एक **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह वचनबद्धता हो कि **"आवेदक को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा"।**

vi. किसी भी अभ्यर्थी द्वारा या अभ्यर्थी की ओर से किसी भी प्रकार का बाहरी दबाव डालना/डलवाना (राजनीतिक या अन्यथा) उसे अयोग्य घोषित कर देगा।

vii. आगे किसी भी प्रकार का विवरण/पत्राचार केवल परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे किसी भी अपडेट के लिए परिषद की वेबसाइट www.icmr.nic.in का नियमित रूप से अवलोकन करें। किसी अन्य प्रकार से पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

viii. विज्ञापन के विरुद्ध भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद नई दिल्ली स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में होगा।

ix. परिषद इस रिक्ति परिपत्र को संशोधित करने, रद्द करने या नये सिरे से प्रकाशित करने की स्वतंत्रता रखता है।

x. रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें परिवर्तन हो सकता है।

**6. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के अनुदेश:**

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र अत्यंत सावधानी से भरना चाहिए और दिए गए अनुदेशों और सहायक-पुस्तिका का चरण-दर-चरण पालन करना चाहिए। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र सही ढंग से भरना चाहिए। गलत भरे गए आवेदन पत्र को अस्वीकार किया जा सकता है।

**क. सामान्य अनुदेश:**

i. आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी को अपना पंजीकरण कराने के बाद निर्धारित प्रारूप में अपना ऑनलाइन आवेदन **https://recruit.icmr.org.in** पर जमा करना होगा।

**ii.** ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना, समय से पहले ऑनलाइन आवेदन करें।

**iii.** किसी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख तक पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। जो अभ्यर्थी अंतिम तारीख तक योग्यता/पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, उनका आवेदन ऑनलाइन आवेदन प्रणाली द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**iv.** ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना शुरू करने से पहले कृपया अनुदेशों और प्रक्रियाओं को ध्यानपूर्वक पढ़ें और प्रिंटआउट लेकर आवेदन पत्र में भरी गई सभी जानकारियों की जांच करें ताकि जानकारी की सत्यता सुनिश्चित हो सके और आवेदन जमा करने से पहले सभी दस्तावेज अपलोड करें।

**v.** आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बाद, अभ्यर्थी आवेदन का अंतिम प्रिंटआउट पुन: ले सकते हैं।

**vi.** परिषद द्वारा कोई भी ऑफ़लाइन आवेदन पत्र या डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र की प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। हालाँकि, आवेदन पत्र की एक हार्ड कॉपी (अंतिम प्रिंटआउट) सभी अपलोड किए गए दस्तावेज़ों के साथ परिषद द्वारा मांगे जाने पर जमा की जा सकती है।

**vii.** किसी आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, अभ्यर्थियों की पात्रता/उपयुक्तता, चयन के तरीके और मानदंड आदि से संबंधित सभी मामलों में परिषद का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**viii.** परिषद ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय दस्तावेज़ों की जाँच नहीं करता है और इनकी जाँच केवल छंटनी के समय ही की जानी है। यदि आवेदन पत्र जमा करने से लेकर नियुक्ति तक किसी भी चरण में सत्यापन के दौरान और नियुक्ति के बाद भी किसी भी समय यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करता है या यह पाया जाता है कि दी गई जानकारी झूठी/छिपी हुई या गलत है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उस

पर आपराधिक मुकदमा भी चलाया जा सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अभ्यर्थी को अपने आवेदन में गलत या असत्य जानकारी देकर कोई लाभ हुआ है या नहीं।

**ix.** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन पत्र ध्यानपूर्वक भरें, जैसे नाम, पिता/माता का नाम, जन्म तारीख और श्रेणी, योग्यता, प्राप्त अंक, उत्तीर्ण वर्ष, फोटो, हस्ताक्षर, विवरण आदि। आवेदन पत्र जमा करने के बाद, ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी विवरण में परिवर्तन के अनुरोध पर परिषद द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

**ख. ऑनलाइन पंजीकरण:**

**i.** ऑनलाइन पंजीकरण का चयन करने के बाद, मांगी गई अनिवार्य जानकारी चरण दर चरण सावधानीपूर्वक भरें क्योंकि पंजीकरण के बाद पंजीकरण फॉर्म में भरी गई जानकारी को बदलने की अनुमति नहीं होगी।

**ii.** यह सुनिश्चित करना अभ्यर्थी की ज़िम्मेदारी होगी कि पंजीकरण फॉर्म में सही विवरण भरे गए हैं। पंजीकरण फॉर्म में गलत प्रविष्टियों के कारण किसी भी गलत जानकारी/उम्मीदवारी रद्द होने/नुकसान या संचार की कमी आदि के लिए **ICMR** ज़िम्मेदार नहीं होगा।

**iii.** सफल ऑनलाइन पंजीकरण की पावती आवेदक के पंजीकृत ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर पर भेज दी जाएगी।

**iv.** किसी भी आवेदक से डुप्लिकेट आवेदन प्राप्त होने पर ऐसे सभी आवेदन रद्द कर दिए जाएँगे। ऐसी सरसरी अस्वीकृतियों के बारे में कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

**ग. ऑनलाइन आवेदन भरना:**

**i.** पंजीकृत उपयोगकर्ता अपने ईमेल और मोबाइल नंबर पर प्राप्त उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के साथ आवेदन पत्र तक पहुँचने के लिए 'आवेदक (एप्लिकेशन) लॉगिन' पर क्लिक करें।

**ii.** 'आवेदन पत्र पर जाएँ' बटन पर क्लिक करें और कृपया महत्वपूर्ण अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आवेदन पत्र कई खंडों में विभाजित है। आपको खंडवार आवेदन पत्र भरना होगा। एक खंड में अनिवार्य विवरण भरने के बाद, आप 'सेव एंड नेक्स्ट' पर क्लिक करके अगले खंड पर जा सकते हैं। हालाँकि, यदि अनिवार्य जानकारी नहीं भरी गई है या आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड नहीं किए गए हैं, तो आपको अगले खंड पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पिछले खंड पर वापस जाने के लिए, आप 'पिछले खंड' टैब बटन पर क्लिक कर सकते हैं। अंतिम खंड पूरा करने के बाद, 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें, आपको भुगतान करने के लिए पुनः निर्देशित किया जाएगा। भुगतान हो जाने के बाद, आपका आवेदन पूर्ण माना जाएगा। शुल्क केवल नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।

**iii.** सभी आवेदकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि फोटो/हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेज़ इन दिशानिर्देशों में दिए गए अनुदेशों के अनुसार अपलोड किए गए हैं। ऐसा न करने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

**घ. आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़:**

अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षिक योग्यता (मैट्रिक से आगे), उन पाठ्यक्रमों में प्राप्त विस्तृत अंकों के प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, श्रेणी प्रमाण पत्र (अर्थात अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग दिव्यांगजन) और अनुभव के समर्थन में अपने स्व-सत्यापित/प्रमाणित प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियाँ अपलोड करनी होंगी। यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त आवश्यक दस्तावेज़ों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ अपलोड करने में विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उसे चयन प्रक्रिया के बाद के चरणों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**i.** आवेदन पत्र पर दी गई फोटोग्राफ असत्यापित होनी चाहिए।

**ii.** अभ्यर्थी को टोपी, चश्मा आदि नहीं पहनना चाहिए। चश्मा पहनने की अनुमति है।

**iii.** इन अनुदेशों का अनुपालन न करने वाले या अस्पष्ट फोटोग्राफ वाले आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**iv.** परीक्षा/दस्तावेज़ों के सत्यापन के समय उपयोग के लिए कुछ समान फोटोग्राफ सुरक्षित रखें।

**v. परीक्षा के समय वास्तविक उपस्थिति और आवेदन पत्र पर चिपकाई गई फोटो में चेहरे की उपस्थिति के बीच कोई भी विचलन या विसंगति अभ्यर्थी को अस्वीकार करने के लिए उत्तरदायी बनाएगी।**

**ड़. आवेदन रद्द किए जाने के संभावित कारण:**

**i.** किसी विशेष श्रेणी के लिए एक से अधिक आवेदन करना।

**ii.** आवेदन अधूरा है और ऑनलाइन नहीं है।

**iii.** निर्धारित तरीके से पूरा शुल्क जमा नहीं किया गया है।

**iv.** आवेदक के पास आवेदन की अंतिम तारीख तक अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता नहीं है।

**v.** आयु के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज, मैट्रिक से आगे की शैक्षणिक योग्यता, एमसीआई पंजीकरण प्रमाण पत्र, संबंधित श्रेणी के समर्थन में श्रेणी प्रमाण पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी) आवेदन पत्र के साथ अपलोड नहीं किए गए हैं।

**vi.** उम्मीदवार कट-ऑफ की तारीख/आवेदन की अंतिम तारीख तक अधिक/कम आयु का है।

**vii.** विज्ञापन में निर्धारित आवश्यक मानदंडों को पूरा न कर पाना।

नोटः किसी भी तकनीकी सहायता के लिए कार्य दिवसों में प्रात: 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे (IST) के बीच 011-26589167 पर कॉल करें या helpdesk.egov@icmr.gov.in पर ईमेल करें। भुगतान से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया e-payment@icmr.gov.in पर ईमेल करें।

सहायक महानिदेशक (प्रशा.)

<u>**अनुलग्नक-I**</u>

<u>**विषयों की सूची:**</u>

1. जैव रसायन
2. रसायन विज्ञान
3. नृविज्ञान
4. समाजशास्त्र
5. सामाजिक कार्य
6. खाद्य एवं पोषण
7. स्वास्थ्य अर्थशास्त्र में विशेषज्ञता के साथ अर्थशास्त्र
8. मनोविज्ञान
9. जीव विज्ञान/जैव विज्ञान
10. कीट विज्ञान/चिकित्सा कीट विज्ञान
11. आनुवंशिकी/चिकित्सा आनुवंशिकी
12. प्रतिरक्षा विज्ञान
13. सूक्ष्म जीव विज्ञान
14. आणविक जीव विज्ञान
15. औषध विज्ञान
16. फार्मेसी
17. विष विज्ञान
18. विषाणु विज्ञान
19. प्राणि विज्ञान
20. जैव प्रौद्योगिकी
21. वनस्पति विज्ञान
22. जैव सूचना विज्ञान
23. जैव सांख्यिकी/सांख्यिकी
24. जन स्वास्थ्य
25. कोई भी चिकित्सीय विषय (आंतरिक चिकित्सा, सामुदायिक चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, त्वचा विज्ञान, मनोचिकित्सा, एनेस्थिसियोलॉजी आदि)
26. चिकित्सा/जैव-चिकित्सा विज्ञान में कोई अन्य प्रासंगिक विषय।

सहायक महानिदेशक (प्रशा.)

******